
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड कांग्रेस ने देवभूमि सेवा एप्प को किया लांच

**आरोप**

## केंद्र और राज्य सरकारें अपना रहीं भेदभावपूर्ण नीतिः प्रीतम सिंह

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक प्रीतम सिंह ने कहा है कि राज्य के बाहर और अंदर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में फंसे उत्तराखंड वासियों की मदद के लिए कांग्रेस ने देवभूमि सेवा एप्प लांच किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार गहरी नींद में सोई हुई है और उत्तराखंड के लोग देश के अन्य राज्यों में फंसे है और उन्हें वहां से लाये जाने की आवश्यकता है के बारे में कोई चिंता नहीं है और इस ओर कोई ठोस प्रयास नहीं किये जा रहे है।

कांग्रेस भवन में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर और अंदर कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में फंसे उत्तराखंड वासियों की मदद के लिए कांग्रेस ने देवभूमि सेवा एप्प लांच किया है। उन्होंने कहा कि इस एप्प के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों का डाटा संग्रह कर पार्टी के साथ सभी प्रदेश के सरकार को जानकारी दी जायेगी।



इस एप्प को पूर्व मुख्यमंत्री सेनि मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूडी के बेटे और कांग्रेस नेता मनीष खंडूडी के विशेष प्रयास से इस एप्प को तैयार किया गया है।

इस अवसर पर अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने एप्प की जानकारी देते हुए कहा कि उत्तराखंड के बाहर फंसे व्यक्तियों के लिए उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ–साथ भाजपा सहित अन्य सरकार से भी मदद के पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस कोरोना वायरस को लेकर राजनीति करने का आरोप लगा रहे है जो पूर्ण रूप से गलत है और कांग्रेस इस महामारी को लेकर पूरी तरह से सरकार के साथ खड़ी है लेकिन आरोप लगाने वाले सत्ताधारी लोग ही इस महामारी पर राजनीति करते हुए आ रहे है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम सत्तापक्ष के लोगों का ध्यान उन बिन्दुओं को उजागर करना है जिनमें खामियां है और सरकार उन खामियों को दूर करें। जिस प्रकार से गुजरात के लोगों को यहां से गुजरात छोड़ने का काम केन्द्र सरकार के दवाब में किया गया और गुजरात से उत्तराखंड के लोगों को लाने के बजाय हरियाणा व राजस्थान के बार्डर पर छोड़ दिया गया और लगातार सरकार भेदभाव अपना रही है और सरकार ने सोने से जागने के बाद कोटा से छात्रों को लाने का काम किया है और दूसरे राज्यों में फंसे लोगों को उत्तराखंड वापस लाये जाने का काम सरकार को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एप्प उत्तराखंड से बाहर फंसे हुए लोगों के लिए मददगार साबित होगी।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनीष खंडूडी ने बताया कि इस एप्प के माध्यम से राज्य और बाहर मुश्किल में फंसे लोगों की जानकारी एकत्र करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस जानकारी को प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष प्रीतम सिंह के माध्यम से राज्य सरकार, विभाग सभी के पास हम जाएंगे। ताकि फंसे और जरूरतमंद लोगों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। पूर्व विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि यह एप्प उत्तराखंड से बाहर फंसे हुए लोगों की मदद के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## न्यूज डायरी

### कोटा से पहुंचे 36 बच्चे किये गये क्वारंटाइन

**संवाददाता** पिथौरागढ़। कोटा राजस्थान से देर सांय 36 बच्चे जनपद में पहुंच चुके है। वही देर सांय मुख्यालयके प्रवेश द्वार संचोली पहुंचने पर इनका स्वास्थ परीक्षण किया गया है। वही जिलाधिकारी वी के जोगदडें ने बताया कि चार बच्चे केमीवीएन के आवास ग्रह में रखे गये है। 28 बच्चे संडाक स्थित होटल में क्वारंटाइन किये गये है। बचे शेष चार बच्चे पहले ही कोटा में क्वारंटाइन होने की सूचना मिली है।

### लाकडाउन तोड़ने पर बारह लोग पहुंचे हवालात

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में अभी भी कई युवक युवतियां लाकडाउन को गभीरता से नही ले रहे है। वही ये लोग प्रशासन द्वारा बार बार मना करने पर भी बेवजह सडकों में घूम रहे है। वही ऐसे लोगों पर पुलिस को कडी कारवाही करने को मजबूर होना पड रहा है। कोतवाल ओ पी शर्मा ने बताया कि नगर में में बेवजह घुम रहे बारह लोगों को पुलिस पकडकर थाने ले आई। वही इन लोगों पर 188आईपीसी के तहत कारवाही की गई। कोतवाल ने बताया कि लाकडाउन का उल्लघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कारवाही करने की उन्होने हिदायत दी है।

### आरोग्य एप्प डाउनलोड करने की अपील

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कोरोना महामारी से सजग रहने के लिए विधानसभा के सभी सदस्यों से आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि साथ ही अपनी–अपनी विधानसभा क्षेत्रों में क्षेत्रवासियों को भी ऐप को डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करने की बात कही है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि अवगत है कि बीते रोज को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा सभी राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष एवं विधान परिषद के सभापति से कोरोना महामारी के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा वार्ता की गई थी।

### लॉकडाउन में रचना रावत पेंटिंग बनाकर कर रही समय व्यतीत

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए जहां देश व प्रदेश भर में लॉकडाउन होने के कारण लोग घरों में कुछ न कुछ कर रहे है कोई नई नई रैसेपी तैयार कर रहा है तो कोई पेंटिंग करने में जुटा है ओर कोई सॉप सीढ़ी व लूडो खेलकर अपना समय व्यतीत कर रहा है।

यहां पंडितवाडी निवासी रचना रावत लॉकडाउन के समय से ही घर में रहकर पेंटिंग बनाने में जुटी हुई है ओर स्थानीय बच्चों को पेंटिंग भी सिखा रही है।





## रक्तदान करके रक्त की कमी को दूर करें रक्तवीर

**संवाददाता** देहरादून। रक्तदाता फाउंडेशन कोऑर्डिनेटर सिमरन सक्सेना ने कोरोना वायरस के चलते सभी रक्तवीरो से रक्त दान करने की अपील की है कि वह आगे आए और रक्तदान करके रक्त की कमी को दूर करें। सिमरन सक्सैना ने कहा कि देहरादून में रक्त की कमी को दूर करने एवं लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करने के लिए प्रयासरत संस्था रक्तदाता फाउंडेशन द्वारा संस्था का आज चतुर्थ स्थापना दिवस निजी कार्यालय में मनाया गया। जनपद में संस्था के तीस कॉर्डिनेटर एवं हजारों रक्तवीर साथ मौजूद है परंतु कोरोना महामारी एवं लॉक डाउन के चलते बेहद ही सूक्ष्म रूप में सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए मनाया गया। संस्था संस्थापक अमित गोयल ने संस्था के चार वर्षों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला एवं बताया किस तरह से संस्था का निर्माण हुआ और चार सालों में संस्था द्वारा स्वयं एवं सहयोगियों के साथ मिलकर कुल अभी तक 44 रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा चुका है।

# प्रवासी नेपाली नागरिकों का धैर्य देने लगा है जवाब

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

**फजीहत**

ठेकेदारों के खिलाफ भी दर्ज हुआ मुकदमा

पिथौरागढ। लाकडाउन के चलते तेरह नेपाली नागरिको का धैर्य अब जवाब देने लगा है। बता दें कि कोरोना संक्रमण के चलते इंडो नेपाल सीमा पूरी तरह से सील पडी हुई है।

वही विगत दो दिन पूर्व 13 प्रवासी नेपाली मजदूर टायर ट्यूब के सहारे काली नदी को पार करके फरार होने की मकसद में थे। अपनी जान जोखिम में डालकर जैसे ही ये नेपाली नागरिक नेपाल भागने की तैयारी में जुटे हुए थे मौके पर नेपाल में घुसने से पहले गशत पर लगे सीमा सुरक्षा बलों के जवानों ने इनको पकडकर इनके उपर बंदूके तानते हुए इन्हें वापस बैरग भारत की ओर लौटा दिया। बता दें कि ये नेपाली पागरिक भारत में ठेकेदारों के अधीन काम करते थे। वही ये लोग लाकडाउन के चलते से लोग काफी समय से खाली पडे हुए थे।

जानकारी के मुताबिक सूत्रों की मानें तो ये लोग टायर ट्यूब के सहारे नेपाल भागने की फिराक में थे। वही इन नेपाली नागरिकों के इस मंसूबे पर नेपाली बल के सीमा सुरक्षा के जवानों ने लगाम लगा दिया। ये नेपाली नागरिक डर के सारे भारत की ओर वापस लौट आये। वही जब इनको पकडकर भारत नेपाल सीमा पुलिस के झूलाघाट पकडकर लाई तो इन भागने वाले नेपाली नागरिकों से कडी पूछताछ की गई ।

सूत्रों के मुताबिक इन नेपालियों ने बताया कि वे लोग जिला मुख्यालय के अडकिनी गांव में किसी ठेकेदार के अधीन काम कर रहे थे। वही कडी पूछताछ के बाद पकडे गये नेपालियों के ठेकेदारों के खिलाफ भी कानूनी कारवाही करने के साथ दोनों के उपर भादवि धारा 188 व 269 व 51ख के मद्देनजर आपदा अधीनियम के तहत मुकदमा कायम कर लिया है।

वही इन नेपाली नागरिकों को जिला मुख्यालय के राहत केन्द्र में भेजा गया है।

## इंदिरानगर चौकी को भेंट किये सैनिटाइजर मॉस्क गलब्ज,पानी व छाते

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 संक्रमण के कारण देशव्यापी लॉकडाउन की स्थिति के चलते प्रदेश भर में जगह–जगह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग परेशान हैं और ऐसे लोगों की मदद के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा आगे आये है ओर जरूरतमंदों की मदद की है। इस अवसर पर उन्होंने सैनिटाइजर, मॉस्क, गलब्ज, पानी व छाते भेंट किये।

महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ इंदिरानगर पुलिस चौकी पहुंचकर थाना प्रभारी को सैनिटाइजर, मॉस्क, गलब्ज, पानी और छाते प्रदान किये और कहा कि आने वाले समय में और सहायता प्रदान की जायेगी और इसके लिए हरसंभव सहायता करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर थाना प्रभारी ने महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मीना रावत, संतोष सैनी, अनिता दास, कैलाश वाल्मीकि, आशीष अग्रवाल, दिनेश दानू आदि शामिल थे।